प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 156/ 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 09 नवंबर 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आसाम एलएसए के तहत आसाम राज्य के न्यू तिनसुकिया रेल्वे स्टेशन से गुवाहाटी रेल्वे स्टेशन के बीच रेल्वे रुट पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने सितंबर 2026 के महीने के दौरान आसाम एलएसए के तहत आसाम राज्य के न्यू तिनसुकिया रेल्वे स्टेशन से गुवाहाटी रेल्वे स्टेशन के बीच रेल्वे रुट पर किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 11 सितंबर 2026 को आसाम एलएसए के तहत रेल्वे रुट – 515.9 किमी, और 2 हॉटस्पॉट लोकेशंस पर टेस्ट आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** निम्नलिखित मानचित्र मानचित्र पर दिखाए गए संकेतों के अनुसार, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को दर्शाने वाले ड्राइव टेस्ट मार्गों का अवलोकन प्रदान करता है।



5. **प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर**:

क) **कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज :** कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) डाटा सर्विसेज : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए आसाम एलएसए के तहत न्यू तिनसुकिया से गुवाहाटी रेल्वे रुट पर समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को संक्षेप में नीचे दिया गया है:

क) कवरेज गैप-ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल स्ट्रेंथ वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए **4754**/ 32385, बीएसएनएल के लिए **12486** /25698 , आरजेआईएल के लिए **4808**/ 33296 और वीआईएल के लिए **12738** / 27285 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड काल्स**- ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **एयरटेल** के लिए **5**/ 166 , **बीएसएनएल** के लिए **65**/ 205 , **आरजेआईएल** के लिए **9**/ 175 और **वीआईएल** के लिए **34**/ 164 था। कॉल ड्रॉप किए गए कॉल का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र)**: **एयरटेल**(5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड गति **42.71** Mbps, **बीएसएनएल** (4G/2G) के लिए **5.00** Mbps, **आरजेआईएल** (5G/4G) के लिए **110.82** Mbps और

वीआईएल (4G/2G) के लिए **15.69** Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल**(5G/4G) के लिए औसत अपलोड गति **11.75** Mbps, **बीएसएनएल** (4G/2G) के लिए **3.25** Mbps, **आरजेआईएल** (5G/4G) के लिए **8.29** Mbps और **वीआईएल** (4G/2G) के लिए **5.46** Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में प्रदान किया गया है।

ड्रॉप्ड कॉल्स और कॉल साइलेंस इंस्टांसेज के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके अनुलग्नक में देखा जा सकता है।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

क) **रेल्वे** – रेल्वे ड्राइव में कवर किए गए क्षेत्र हैं- (i) सिमालुगुड़ी जंक्शन से गुजरते हुए न्यू तिनसुकिया से गुवाहाटी, (ii) मरियानी जंक्शन, (iii) फुरकेटिंग जंक्शन, (iv) दीमापुर, (v) दीफू, (vi) लुमडिंग जंक्शन

ख) **हौटस्पॉट** - स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए हॉट स्पॉट स्थान हैं - (i) गुवाहाटी रेलवे स्टेशन, (ii) न्यू तिनसुकिया रेलवे स्टेशन।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.kolkata@trai.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता से दूरभाष सं *91-33-22361401* पर संपर्क किया जा सकता है। घ

कौशिक

(कौशिक मुखर्जी)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का. कोलकाता


1. **असम एलएसए के तहत न्यू तिनसुकिया से गुवाहाटी रेल्वे रुट (रेल्वे)**


क) कवरेज गैप - वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:


मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या	32385	25698	33296	27285
खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या	4754	12486	4808	12738
सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या	631	2085	197	2703


नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप











नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


ख) **ड्राप्ड काल्स**-ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है


मानदंड	एयरटेल	बीएसएनएल	आरजेआईएल	वीआईएल
स्थापित सफल कॉल की संख्या	166	205	175	164
ड्राप्ड कॉल की संख्या	5	65	9	34

ड्राप्ड काल्स के स्थान











नोट: ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है ।


ग) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट: ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है: :


(i) डाउनलोड थ्रूपुट:

मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	23.00	24.24	15.00	15.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	42.71	5.00	110.82	15.69












नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


(ii) अपलोड थ्रूपुट:

मानदंड	माप प्रकार	एयरटेल (5G तक)	बीएसएनएल (4G तक)	आरजेआईएल (5G तक)	वीआईएल (4G तक)
टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	10.00	4.33	7.00	8.00
आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट	(Mbits/s)	11.75	3.25	8.29	5.46









नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है ।